मेरे साँवरे जब भी लूँ में जनम | By Sudhir Sangha

मेरे सांवरे जब भी लूं मैं जन्म
तुम्हारी ही भक्ति में लगे मेरा मन
ओ सांवरे............

ओ सांवरे............ ओ सांवरे

गोकुल में जाके करूंगा बसेरा
मुरली मधुर सुन होगा सवेरा
गैया चराऊंगा मैं तेरे संग
मेरे सांवरे..........
ओ सांवरे............ ओ सांवरे

सदा संग रहना बन के तू साया
मिले बस मुझे तेरे प्रेम की छाया
माखन खिलाना मुझे अपने संग
मेरे सांवरे..........

ओ सांवरे............ ओ सांवरे

तुम्हारे चरणों में रहेगा ठिकाना
तेरी शरण में ही जीवन बिताना
इतनी तमन्ना है सुनलो किशन
मेरे सांवरे..........

ओ सांवरे............ ओ सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9c/